प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- वक्फ कानून पर अंतरिम रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का मिला समय।
- केन्द्रीय मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे रांची, नामकुम में दो सौ बीस बिस्तरों वाले ईएसआईसी अस्पताल का किया उदघाटन।
- मुख्यमंत्री ने की कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, एसबीआई में सैलरी खाता वाले राज्य कर्मियों को मिलेगा कई तरह की बीमा का लाभ, हुआ एमओयू।
- मंत्री हफीजुल हसन के बयान के विरोध में भाजपा का आक्रोश मार्च, राज्यपाल से मिलकर मंत्री को बर्खास्त करने का आग्रह। पलामू में दो अलग–अलग मामलों में छह अपराधी गिरफ्तार, चांदी के आभूषण और सोना बरामद।

**********************

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ कानून पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। न्यायालय में आज सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को सूचित किया कि केंद्र सरकार सात दिनों के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वक्फ अधिनियम की धारा 9 और 14 के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद या राज्य वक्फ बोर्डों में कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी। इसके अलावा पांच मई को होनेवाली सुनवाई तक किसी भी वक्फ संपत्ति को गैर–अधिसूचित नहीं किया जाएगा। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ में हुई।

**********************

केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा मामलों के मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आज रांची पहुंचे। केन्द्रीय मंत्री ने रांची के नामकोम में दो सौ बीस बिस्तरों वाले ईएसआईसी अस्पताल का उदघाटन किया। इस अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण लगभग सौ करोड़ रूपये की लागत से हुआ है। इस मौके पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इससे पहले आज रांची पहुंचने पर केन्द्रीय मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ0 मांडविया ने कहा कि यह अस्पताल हमारे श्रम शक्ति का प्रतीक है। केन्द्रीय मंत्री कल धनबाद का भी दौरा करेंगे। इस दौरान वे डीजीएमएस कार्यालय का निरीक्षण करेंगे।

**********************

राज्य में पूंजी निवेश और विकास को नया आयाम देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार प्रयासरत हैं। इस सिलसिले में श्री सोरेन ने आज रांची में विभिन्न विभागों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को कम से कम तीन ऐसी योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया, जिसका लाभ एक से डेढ़ वर्ष के अंदर लोगों को मिल सके। श्री सोरेन ने अधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर योजनाओं को धरातल पर उतारने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कल स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर भी रवाना होंगे। उनके साथ ग्यारह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी विदेश दौरे पर जा रहा है, जो पूंजी निवेशकों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करेगा।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में आज प्रोजेक्ट भवन में राज्य सरकार और भारतीय स्टेट बैंक के बीच एमओयू हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बताया कि एमओयू के तहत एसबीआई में सैलरी अकाउंट रखने वाले राज्य कर्मियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के एक करोड़ रुपए तक का दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य बीमा एवं जीवन बीमा समेत कई अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा।

**********************

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज सिमडेगा में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि पशुपालन और बागवानी पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पलायन वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर लोगों को पशुपालन और बागवानी से जोड़ें।

**********************

विश्व वर्ल्ड ऑडियो विजुअल इंटरटेनमेंट समिट, वेव्स एक से चार मई तक मुम्बई में आयोजित होगा। इसके तहत क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का आयोजन हो रहा है, ताकि प्रतिभाओं को उचित मंच मिल सके। इस सिलसिले में इनोवेट टू एजुकेट हैंड हेल्ड डिवाइस डिजाइन चैलेंज के दस फाइनालिस्ट टीमों का चयन हुआ है।

**********************

प्रदेश भाजपा की ओर से आज मंत्री हफीजुल हसन द्वारा संविधान और संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान किए जाने की घटना के विरोध में रांची में आक्रोश मार्च निकाला गया। बाद में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मंत्री हफीजूल हसन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने का आग्रह किया। श्री मरांडी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि राज्यपाल को आग्रह किया है कि संविधान विरोधी बयान देने वाले मंत्री को बर्खास्त करने के लिए मुख्यमंत्री को निर्देशित करें।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी मंत्री हफीजुल हसन द्वारा दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

**********************

इधर मंत्री हफीजुल हसन के खिलाफ भाजपा के प्रदर्शन पर झामुमो ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के केन्द्रीय सदस्य विनोद पांडेय ने बताया कि जिन लोगों ने संविधान की प्रतियां जलायी थी, वे लोग आज हितैषी बन गये हैं।

**********************

झारखंड उच्च न्यायालय में राज्य के विश्वविद्यालय शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायालय ने झारखंड लोक सेवा आयोग को विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई चौबीस जुलाई को होगी।

**********************

पलामू जिले में हत्या की दो अलग–अलग घटनाओं और चोरी की घटना में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से चोरी के छह किलोग्राम चांदी से बने गहने और चौदह ग्राम गला हुआ सोना बरामद किया गया है।

**********************

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित अंतर जिला महिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार को चाईबासा में पश्चिमी सिंहभूम और रांची के बीच खेला जाएगा। आज खेले गये सुपर लीग मैच में रांची की टीम ने धनबाद टीम को 8 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई।

**********************

राज्य में तापमान के फिर बढ़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के पूर्वानुमान के अनुसार तापमान में अगले तीन दिनों के दौरान तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वैसे फिलहाल तेइस अप्रैल तक राज्य के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश का भी पूर्वानुमान है।

*********समाप्त*********